# 11 खेल-कूद

## 1. ओलम्पिक खेल

- प्राचीन ओलम्पिक खेल यूनान के ओलम्पिया शहर में 776 ईसा पूर्व में प्रारंभ हुआ। पहली बार यह खेल ग्रीक देवता ज्यूस के सम्मान में खेला गया। ये खेल तब से चार वर्षों में एक बार 394 ई० तक खेले गए, फिर रोम के राजा थियोडोसियस के आदेश के कारण इन खेलों का आयोजन बंद कर दिया गया।
- आधुनिक ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ 1896 ई० को फ्रांस के बैरोन पियरे डि कोबार्टिन के प्रयासों से यूनान के एथेंस शहर में हुआ। इसका आयोजन भी प्रत्येक चार वर्ष के अन्तराल पर किया जाता है।
- अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना 1894 ई० में सखोन नामक स्थान पर हुई थी। इसका मुख्यालय लोसाने *(स्विट्जरलैंड)* में है।
- अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति ओलम्पिक खेलों को संचालित करने वाली संस्था है। इस समिति की एक कार्यकारिणी होती है, जिसमें एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष तथा सात अन्य सदस्य होते हैं। यह संस्था ओलम्पिक खेलों का स्थान, नियम, संचालन आदि निर्धारण करती है।

**अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अब तक के अध्यक्ष**

| अध्यक्ष | देश | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 1. डिमिट्रियास विकेलास | यूनान | 1894-1896 |
| 2. बैरोन पियरे डि कोबर्टिन | फ्रांस | 1896-1925 |
| 3. कांऊट हेनरी डी बैलेट लाटूर | बेल्जियम | 1925-1942 |
| 4. सिगफिड एड्सट्रोम | स्वीडन | 1946-1952 |
| 5. एवरी बुंडेज | अमेरिका | 1952-1972 |
| 6. लार्ड किनानिन | आयरलैंड | 1972-1980 |
| 7. जुआन एंटोनियो समारांच | स्पेन | 1980-2001 |
| 8. जैक्युस राग्ग | बेल्जियम | 2001-अब तक |

**नोट :** *भारतीय ओलम्पिक परिषद की स्थापना 1924 ई० में की गयी थी और सर जे० जे० टाटा इसके प्रथम 'अध्यक्ष' थे ?*

### ओलम्पिक के आदर्श

- **ओलम्पिक ध्वज** *(Olympic Flag)*: बैरोन पियरे डि कोबर्टिन के सुझाव पर 1913 ई० में ओलम्पिक ध्वज का सृजन हुआ। जून, 1914 में इसका विधिवत उद्घाटन पेरिस में हुआ तथा इस ध्वज को सर्वप्रथम 1920 ई० के एंटवर्प ओलम्पिक में फहराया गया। ध्वज की पृष्ठभूमि सफेद है। सिल्क के बने ध्वज के मध्य में ओलम्पिक प्रतीक के रूप में पाँच रंगीन चक्र एक-दूसरे से मिले हुए दर्शाए गए हैं, जो विश्व के पाँच महाद्वीपों के प्रतिनिधित्व करने के साथ ही निष्पक्ष एवं मुक्त स्पर्धा का प्रतीक है। नीला चक्र—यूरोप, पीला चक्र—एशिया, काला चक्र—अफ्रीका, हरा चक्र—आस्ट्रेलिया एवं लाल चक्र—उ० एवं द० अमेरिका।
- **ओलम्पिक का उद्देश्य** *(Olympic Motto)*: सन् 1897 में फादर डिडोन द्वारा रचित सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस *(Citius Altius, Fortius)* लैटिन में ओलम्पिक के उद्देश्य हैं जिनका अर्थ है तेज, ऊँचा और बलवान। इसको ओलिम्पिक के उद्देश्य के रूप में पहली बार 1920 में एंटवर्प *(बेल्जियम)* ओलम्पिक खेलों में प्रस्तुत किया गया।
- **ओलम्पिक मशाल** *(Olympic Flame)*: ओलम्पिक मशाल जलाने की प्रथा की शुरुआत 1928 ई० के एम्सटर्डम ओलम्पिक से हुई। सन् 1936 में बर्लिन ओलम्पिक खेलों में मशाल के वर्त्तमान स्वरूप को अपनाया गया। इसी समय से ओलम्पिक मशाल को आयोजन स्थल तक लाने का प्रचलन प्रारंभ हुआ। इस मशाल को खेल शुरू होने के कुछ दिन पूर्व यूनान के ओलम्पिया में हेरा मंदिर के सामने सूर्य की किरणों से प्रज्वलित किया जाता है और वहाँ से आयोजन-स्थल तक विभिन्न खिलाड़ियों द्वारा लाई जाती है। इसी मशाल से खेल समारोह विशेष की मशाल प्रज्वलित की जाती है।

**ओलम्पिक पदक (Olympic Medals) :** ओलम्पिक खेलों में विजेताओं को तीन प्रकार के पदक दिए जाते हैं—स्वर्ण, रजत एवं कांस्य। स्वर्ण पदक 60 मिमी वृत्त में एवं 3 मिमी मोटा होता है। यह 92.5% रजत परतयुक्त 6 ग्राम सोने का होता है। रजत पदक 60 मिमी वृत्त में एवं 3 मिमी मोटाई वाला होता है। यह 92.5% रजत का बना होता है। कांस्य पूरी तरह कांस्य से बना होता है। स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक, क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को मिलता है।

**कुछ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- ओलम्पिक खेलों में शपथ-ग्रहण करने की परम्परा 1920 ई० के एंटवर्प ओलम्पिक से प्रारंभ हुई। ओलम्पिक खेलों के प्रारंभ होने से पूर्व आयोजक देश का कोई एक खिलाड़ी समस्त प्रतियोगी देशों के खिलाड़ियों के प्रतिनिधि के रूप में शपथ ग्रहण करता है।
- ओलम्पिक खेल समारोह में शुभंकर की परम्परा वर्ष 1968 के मैक्सिको सिटी ओलम्पिक से प्रारंभ हुई।
- ओलम्पिक के उद्घाटन समारोह में मार्च-पास्ट में यूनान की टीम सबसे आगे एवं मेजबान देश की टीम सबसे पीछे रहती है। बाकी देशों की टीमों का स्थान अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के क्रम में निश्चित होती है।
- ओलम्पिक खेलों का टीवी पर विस्तृत प्रसारण 1960 ई० के रोम ओलम्पिक खेलों से प्रारंभ हुआ।
- 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में फिलीस्तीनी आतंकवादी हमले में ग्यारह इजरायली एथलीट मारे गए थे।
- एक ही ओलम्पिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी यू.एस.ए. के तैराक माइकल फेल्प्स हैं।
- 'गोल्डेन शार्क' के रूप में विख्यात फेल्प्स ने 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में आठ स्वर्ण पदक जीते। फेल्प्स ने 2004 के एथेंस ओलम्पिक में भी 6 स्वर्ण एवं दो कांस्य पदक जीते थे।
- फेल्स से पूर्व एक ही ओलम्पिक में सर्वाधिक सात स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड यू० एस. ए. के मार्क स्पिट्ज का था जिसने 1972 के म्यूनिख ओलम्पिक में तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में सात स्वर्ण पदक जीते थे।
- किसी ओलम्पिक में सर्वाधिक 55 स्वर्ण पदक जीतने का विश्व रिकार्ड रूस का है। रूस ने 55 स्वर्ण पदक 1988 में सियोल ओलम्पिक में जीते थे।
- भारत की ओर से ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाला प्रथम खिलाड़ी एक आँग्ल इण्डियन नॉर्मन प्रिजार्ड है, जिसने 1900 ई० के द्वितीय ओलम्पिक में भाग लिया तथा एथलेटिक्स स्पर्धा में दो रजत पदक प्राप्त किया।
- महिलाओं की ओलम्पिक खेलों में भागीदारी 1900 ई० द्वितीय ओलम्पिक खेलों से हुई।
- ओलम्पिक फुटबॉल में रेफरी का दायित्व निभाने वाली विश्व की प्रथम महिला कनाडा की सोनिया डेनानकोर्ड है। (अटलांटा ओलम्पिक–1996 में)
- ओलम्पिक खेलों में सर्वाधिक स्वर्णपदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी का नाम लरीना लात्यनीना है, जिसने जिम्नास्टिक वर्ग में सर्वाधिक 9 स्वर्ण पदकों सहित कुल 18 पदक जीते हैं।
- एक ही ओलम्पिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी क्रिस्टीना ओटी है। 1996 के सियोल ओलम्पिक में क्रिस्टीना ओटी ने तैराकी में 6 स्वर्ण पदक जीती थीं।
- ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी मेरी लीला रो है।

**बीजिंग ओलम्पिक (2008) : कुछ महत्वपूर्ण तथ्य**

- 29वें ओलम्पिक खेल का उद्घाटन 8 अगस्त, 2008 (08–08–08) की रात्रि आठ बजकर 8 मिनट व 8 सेकेण्ड (08-08-08) पर बीजिंग में नवनिर्मित नेशनल स्टेडियम बर्ड्स नेस्ट में चीन के राष्ट्रपति हू जिंताओं ने किया।

➢ बीजिंग ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 8 अगस्त को हुआ था, लेकिन इन खेलों के फुटबॉल मुकाबले औपचारिक उद्घाटन से दो दिन पूर्व 6 अगस्त को ही प्रारंभ को गए थे।

➢ इस ओलम्पिक में 204 देशों के लगभग 11,000 खिलाड़ियों ने 31 आयोजन स्थलों पर 28 विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया।

➢ इन खेलों में सर्वाधिक 639 खिलाड़ियों का दल मेजवान चीन का था। दूसरे स्थान पर अमेरिका के 596 व तीसरे स्थान पर 467 खिलाड़ी रूस के थे। भारत ने 57 खिलाड़ियों का पंजीकरण कराया था, परन्तु भारोत्तोलक मोनिका देवी *(मणिपुर)* के डोपिंग मामले में फँसने के कारण अन्तिम समय में उन्हें रोक लिया गया। मोनिका को बाद में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने दोष मुक्त किया था फिर भी उन्हें ओलम्पिक में भाग नहीं लेने दिया था।

पदक तालिका में प्रथम दस स्थान पर रहे देश और उनके पदक

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 51 | 21 | 28 | 100 |
| यू.एस.ए. | 36 | 38 | 36 | 110 |
| रूस | 23 | 21 | 28 | 72 |
| ब्रिटेन | 19 | 13 | 15 | 47 |
| जर्मनी | 16 | 10 | 15 | 41 |
| आस्ट्रेलिया | 14 | 15 | 17 | 46 |
| द. कोरिया | 13 | 10 | 8 | 31 |
| जापान | 9 | 6 | 10 | 25 |
| इटली | 8 | 10 | 10 | 28 |
| फ्रांस | 7 | 16 | 17 | 40 |

➢ उद्घाटन समारोह में ओलम्पिक ज्योति तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता जिमनास्ट ली निंग *(Li Ning)* ने प्रज्वलित की, जबकि खिलाड़ियों की ओर से शपथ एथेंस ओलम्पिक में दोहरे स्वर्ण पदक विजेता टेबल-टेनिस स्टार झांग यिनिंग *(Zhang Yining)* ने ली।

➢ परम्परानुसार यूनान के खिलाड़ी मार्च-पास्ट में सबसे आगे थे, जबकि सबसे पीछे मेजवान चीन का दल था। 56 खिलाड़ियों वाला भारतीय दल मार्च पास्ट में 55वें स्थान पर था तथा तिरंगा थामे उनकी अगुवाई एथेंस ओलम्पिक्स के रजत पदक विजेता निशानेबाज राज्यवर्द्धन सिंह राठौर ने की।

➢ बीजिंग आलम्पिक खेलों के शुभंकर *(Muscat)* को 'फूवा' नाम दिया गया था। फुवा चीन के लोकप्रिय जन्तुओं—तिब्बती हिरण *(यिंग-यिंग)*, आबाबील चिड़िया *(निनी)*, मछली *(बेई-बेई)*, पांडा *(जिंग-जिंग)* व ओलम्पिक मशाल *(हुआन-हुआन)* को प्रतिबिंबित करता है। इन सभी नामों को आपस में जोड़ने से वाक्य बनता है—'बेई जिंग हुआंग यिंग नी' जिसका अर्थ है—बीजिंग में आपका स्वागत है। इसके अतिरिक्त 'फुवा' प्रकृति के पाँच तत्वों—सागर, जंगल, अग्नि, धरती व आकाश को भी प्रतिबिंबित करता है।

➢ बीजिंग ओलम्पिक में दांव पर लगे स्वर्ग पदकों की कुल संख्या 302 थी।

कुछ प्रमुख खेल स्पर्द्धाओं के पदक

| खेल | पुरुष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वर्ण | रजत | कांस्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
| हॉकी | जर्मनी | स्पेन | आस्ट्रेलिया | नीदरलैण्ड्स | चीन | अर्जेन्टीना |
| फुटबॉल | अर्जेण्टीना | नाइजीरिया | ब्राजील | अमेरिका | ब्राजील | जर्मनी |
| वॉलीबॉल | अमेरिका | ब्राजील | रूस | ब्राजील | अमेरिका | चीन |
| बास्केटबॉल | अमेरिका | स्पेन | अर्जेन्टाइना | अमेरिका | आस्ट्रेलिया | रूस |
| वाटर पोलो | हंगरी | अमेरिका | सर्बिया | नीदरलैण्ड्स | अमेरिका | आस्ट्रेलिया |
| बेसबॉल | कोरिया | क्यूबा | अमेरिका | — | — | — |
| सॉफ्टबॉल | — | — | — | जापान | अमेरिका | आस्ट्रेलिया |

नोट : *चीन ने अपना पहला स्वर्ण पदक 1984 में जीता था। चीनी निशानेबाज जू हैफ्रेंग ने लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में 50 मी. पिस्टल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता था।*

➢ बीजिंग ओलम्पिक का पहला स्वर्ण पदक चैक गणराज्य की कैटरीना इमोंस ने निशानेबाजी की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में जीती व अग्रिम स्वर्ण पदक कीनिया के सैमुअल कुमाऊ वानसिरु ने पुरुषों की मैराथन दौड़ में जीता।

## बीजिंग ओलम्पिक में एथलेटिक्स में वैयक्तिक स्पर्धाओं के विजेता

| स्पर्धा | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| 100 मी. | उसेन बोल्ट *(जमैका)* 9.69* | शैली एन फ्रेजर *(जमैका)* |
| 200 मी. | उसेन बोल्ट *(जमैका)* 19.39* | वेरोणिका कैम्पबेल ब्राउन *(जमैका)* |
| 400 मी. | लशमान मेरिट *(अमेरिका)* | क्रिस्टीन ओहुरुगु *(ब्रिटेन)* |
| 800 मी. | विल्फ्रेड बुंगी *(कीनिया)* | पामेला जेलियो *(कीनिया)* |
| 1500 मी. | रशीद रामजी *(बहरीन)* | नैंसी जेबेट लंगाट *(कीनिया)* |
| 5000 मी. | केनेनिसा बेकले *(इथोपिया)* | तिरुनेश दिबाबा *(इथोपिया)* |
| 10,000 मी. | केनेनिसा बेकले *(इथोपिया)* | तिरुनेश दिबाबा *(इथोपिया)* |
| 100 मी. बाधा | — | डॉन हार्पेट *(अमेरिका)* |
| 400 मी. बाधा | एंजलों टेलर *(अमेरिका)* | मिलेनी वॉकर *(जमैका)* |
| मैराथन | सैमुअल कमाउ वानसिरु *(कीनिया)* | कॉन्स्टेंटिना तोमेस्कू *(रुमानिया)* |

***:** *100 मी. व 200 मी. दौड़ों में एक साथ ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीतने का श्रेय उसेन बोल्ट से पूर्व अमरीका के कार्ल लुइस (1984 लॉस एंजिल्स) को था। किन्तु दोनों फर्राटा दौड़ों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल करने वाले बोल्ट पहले धावक है।*

- बीजिंग ओलम्पिक में अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स ने किसी एक ओलम्पिक में सर्वाधिक आठ स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड स्थापित किया।
- पुरुषों की 100 मी. 200 मी. व 4 × 100 मी. तीनों ही दौड़ों में विश्व रिकॉर्ड के साथ तीन स्वर्ण पदक जमैका के फर्राटा धावक उसेन बोल्ट ने जीता।
- बीजिंग ओलम्पिक में मेजबान चीन ने सर्वाधिक 51 स्वर्ण पदकों सहित 100 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- बीजिंग ओलम्पिक में भारतीय दल का प्रमुख के० मरुगन को बनाया गया था। श्री मरुगन तमिलनाडु ओलम्पिक एसोसिएशन एवं वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव हैं।
- भारत ने पहली बार तीन ओलम्पिक पदक *(1 स्वर्ण व 2 कांस्य)* जीतकर बीजिंग ओलम्पिक की पदक तालिका में 50वाँ स्थान प्राप्त किया है। भारत के इन तीन पदकों में अभिनव बिन्द्रा द्वारा 10 मी. एयर राइफल में जीता गया स्वर्ण पदक किसी वैयक्तिक स्पर्धा में भारत का पहला ओलम्पिक स्वर्ण है। साथ ही विजेंदर सिंह ओलम्पिक खेलों में कोई पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने हैं। भारत के लिए एक और कांस्य पदक कुश्ती में सुशील कुमार ने जीता है। 56 वर्ष के अन्तराल के बाद भारत के किसी पहलवान ने कुश्ती में पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। *(1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में के. डी. जाधव ने कुश्ती में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था।)*

### ओलम्पिक पदक तालिका में भारत

| वर्ष | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| 1900 | — | 2 एथलेटिक्स | — |
| 1928 | 1 हॉकी | — | — |
| 1932 | 1 हॉकी | — | — |
| 1936 | 1 हॉकी | — | — |
| 1948 | 1 हॉकी | — | — |
| 1952 | 1 हॉकी | — | 1 कुश्ती |
| 1956 | 1 हॉकी | — | — |
| 1960 | — | 1 हॉकी | — |
| 1964 | 1 हॉकी | — | — |
| 1968 | — | — | 1 हॉकी |
| 1972 | — | — | 1 हॉकी |
| 1980 | 1 हॉकी | — | — |
| 1996 | — | — | 1 टेनिस |
| 2000 | — | — | 1 भारतोलन |
| 2004 | — | 1 निशानेबाजी | — |
| 2008 | 1 निशानेबाजी | — | 1 मुक्केबाजी<br>1 कुश्ती |

- विगत साठ वर्षों में पहली बार इस ओलम्पिक में हॉकी में भारतीय टीम शामिल नहीं थी।

➢ भारत के हॉकी अंपायर सतेन्द्र सिंह को ओलम्पिक में लगातार दूसरी बार अम्पायरिंग का अवसर मिला।

➢ बैंडमिंटन खिलाडी साइना नेहवाल ओलम्पिक की एक स्पर्धा में क्वाटर फाइनल तक पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

### ओलम्पिक खेल : आँकड़ों में

| क्र. सं. | वर्ष | स्थान (देश) | खिलाड़ियों की संख्या | भाग लेने वाले देश | प्रतियोगिताएँ (स्वर्ण पदकों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1896 | एथेंस *(यूनान)* | 245 | 14 | 43 |
| 2. | 1900 | पेरिस *(फ्रांस)* | 1,225 | 24 | 86 |
| 3. | 1904 | सेंट लुइस *(USA)* | 689 | 13 | 89 |
| 4. | 1908 | लंदन *(ब्रिटेन)* | 2,035 | 22 | 107 |
| 5. | 1912 | स्टॉकहोम *(स्वीडेन)* | 2,547 | 28 | 102 |
| 6. | 1916 | बर्लिन *(जर्मनी)* | प्रथम विश्व युद्ध के कारण स्थगित | | |
| 7. | 1920 | एंटवर्प *(बेल्जियम)* | 2,669 | 29 | 151 |
| 8. | 1924 | पेरिस *(फ्रांस)* | 3,092 | 44 | 126 |
| 9. | 1928 | एम्सटर्डम *(हॉलैंड)* | 3,014 | 46 | 109 |
| 10. | 1932 | लॉस एंजिल्स *(USA)* | 1,408 | 37 | 117 |
| 11. | 1936 | बर्लिन *(जर्मनी)* | 4,066 | 49 | 129 |
| 12. | 1940 | टोक्यो *(जापान)* | द्वितीय विश्व युद्ध के कारण स्थगित | | |
| 13. | 1944 | लंदन *(ब्रिट्रेन)* | द्वितीय विश्व युद्ध के कारण स्थगित | | |
| 14. | 1948 | लंदन *(ब्रिट्रेन)* | 4,099 | 59 | 136 |
| 15. | 1952 | हेलसिंकी *(फिनलैंड)* | 4,925 | 69 | 149 |
| 16. | 1956 | मेलबॉर्न *(आस्ट्रेलिया)* | 3,184 | 67 | 145 |
| 17. | 1960 | रोम *(इटली)* | 5,348 | 83 | 150 |
| 18. | 1964 | टोक्यो *(जापान)* | 5,140 | 93 | 163 |
| 19. | 1968 | मैक्सिको सिटी *(मैक्सिको)* | 5,530 | 112 | 172 |
| 20. | 1972 | म्युनिख *(पं जर्मनी)* | 7,123 | 121 | 195 |
| 21. | 1976 | मॉट्रियल *(कनाडा)* | 6,028 | 92 | 198 |
| 22. | 1980 | मास्को *(USSR)* | 5,217 | 80 | 203 |
| 23. | 1984 | लॉस एंजिल्स *(USA)* | 5,797 | 140 | 221 |
| 24. | 1988 | सियोल *(द. कोरिया)* | 8,465 | 159 | 237 |
| 25. | 1992 | बार्सिलोना *(स्पेन)* | 9,367 | 169 | 257 |
| 26. | 1996 | अटलांटा *(USA)* | 10,310 | 197 | 271 |
| 27. | 2000 | सिडनी *(आस्ट्रेलिया)* | 10,321 | 200 | 300 |
| 28. | 2004 | एथेंस *(यूनान)* | 10,625 | 201 | 301 |
| 29. | 2008 | बीजिंग *(चीन)* | 11,000 | 204 | 302 |
| 30. | 2012 | लंदन *(ब्रिटेन)* | प्रस्तावित | | |
| 31. | 2016 | रियो डि जेनेरो *(ब्राजील)* | प्रस्तावित | | |

**नोट :** *बीजिंग ओलम्पिक 2008 में मूलतः 205 देशों को भाग लेना था किन्तु ब्रुनेई द्वारा अपने खिलाड़ियों का पंजीकरण न कराए जाने के कारण उसे ओलम्पिक से वंचित कर दिया गया था।*

- बीजिंग ओलम्पिक में पहली बार टेबल टेनिस की वैयक्तिक स्पर्धाओं के सभी छह पदक चीनी खिलाड़ियों ने जीते। *(चीन के राष्ट्रीय खेल टेबल टेनिस को ओलम्पिक खेलों में 1988 में सियोल ओलम्पिक में शामिल किया गया था)*
- 29वें ओलम्पिक खेलों का समापन 24 अगस्त को बीजिंग स्थित बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम में ही हुआ। समापन समारोह में खिलाड़ियों के मार्च पास्ट में भारतीय दल की अगुवाई कांस्य जीतने वाले विजेंदर सिंह ने की। समापन समारोह के अन्त में बीजिंग के मेयर गुओ जिनलींग ने ओलम्पिक ध्वज अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष जैक्स रोगे को सौंप दिया, जिसे उन्होंने लंदन *(जहाँ आगामी ओलम्पिक होना है)* के मेयर बोरिस जॉनसन को सौंप दिया।

## 2. राष्ट्रमंडल खेल

- ओलम्पिक खेलों के पश्चात् राष्ट्रमंडल अथवा राष्ट्रकुल खेल *(पुराना नाम—ब्रिटिश एम्पायर खेल)* समारोह विश्व का ऐसा दूसरा सबसे बड़ा खेलोत्सव है। इस खेल समारोह का आयोजन प्राय: दो ओलम्पिक खेलों के मध्य किया जाता है, जिसे ओलम्पिक वर्ष कहा जाता है।
- राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत 1930 ई० में हेमिल्टन *(कनाडा)* में हुई थी। अबतक आस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड एवं वेल्स ने सभी राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया है।
- 1934 ई० में लंदन में होनेवाले दूसरे राष्ट्रमंडल खेल में भारत ने पहली बार भाग लिया था।
- वर्तमान में राष्ट्रमंडल देशों की सदस्य संख्या 54 है, लेकिन खेलों में 71 टीमें हिस्सा लेती हैं।

**अब तक हुए राष्ट्रमंडल खेल**

| वर्ष | आयोजन स्थल | देश | प्रतियोगी देश/क्षेत्र | खेलों की संख्या | प्रथम स्थान | भारत के पदक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | स्वर्ण | रजत | कांस्य | स्थान |
| 1930 | हेमिल्टन | कनाडा | 11 | 6 | इंग्लैंड | भाग नहीं लिया | | | |
| 1934 | लंदन | इंग्लैंड | 16 | 7 | इंग्लैंड | | | 1 | |
| 1938 | सिडनी | आस्ट्रेलिया | 15 | 7 | आस्ट्रेलिया | कोई पदक नहीं | | | |
| 1950 | ऑकलैंड | न्यूजीलैंड | 13 | 10 | आस्ट्रेलिया | भाग नहीं लिया | | | |
| 1954 | बैंकूवर | कनाडा | 24 | 9 | इंग्लैंड | कोई पदक नहीं | | | |
| 1958 | कार्डिफ | ब्रिटेन | 35 | 9 | इंग्लैंड | 2 | 1 | | |
| 1962 | पर्थ | आस्ट्रेलिया | 35 | 9 | आस्ट्रेलिया | भाग नहीं लिया | | | |
| 1966 | किंग्सटन | जमैका | 42 | 9 | इंग्लैंड | 3 | 4 | 5 | |
| 1970 | एडिनबरा | स्कॉटलैंड | 42 | 9 | आस्ट्रेलिया | 5 | 3 | | |
| 1974 | क्राइस्टचर्च | न्यूजीलैंड | 38 | 9 | आस्ट्रेलिया | 4 | 8 | 3 | |
| 1978 | एड्मन्टन | कनाडा | 46 | 10 | कनाडा | 5 | 4 | 6 | |
| 1982 | ब्रिसबेन | आस्ट्रेलिया | 46 | 10 | आस्ट्रेलिया | 5 | 5 | 3 | |
| 1986 | एडिनबरा | स्कॉटलैंड | 26 | 10 | इंग्लैंड | भाग नहीं लिया | | | |
| 1990 | ऑकलैंड | न्यूजीलैंड | 29 | 10 | आस्ट्रेलिया | 13 | 8 | 7 | |
| 1994 | विक्टोरिया | कनाडा | 64 | 10 | आस्ट्रेलिया | 6 | 11 | 10 | |
| 1998 | क्वालालम्पुर | मलेशिया | 70 | 16 | आस्ट्रेलिया | 7 | 10 | 8 | |
| 2002 | मैनचेस्टर | इंग्लैंड | 72 | 17 | आस्ट्रेलिया | 30 | 21 | 18 | IV |
| 2006 | मेलबार्न | आस्ट्रेलिया | 71 | 16 | आस्ट्रेलिया· | 22 | 17 | 11 | IV |
| 2010 | नई दिल्ली | भारत | 71 | 17 | आस्ट्रेलिया | 38 | 27 | 36 | II |
| 2014 | ग्लासगो | स्कॉटलैंड | | — | प्रस्तावित | — | | | |

**राष्ट्रमंडल खेल 2010 : कुछ विशेष तथ्य**

- 19वें राष्ट्रमंडल खेल का औपचारिक उद्घाटन 3 अक्टूबर, 2010 को राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल व ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स ने किया।
- 19वें राष्ट्रमंडल खेल का शुभंकर शेरा एवं अधिकृत गान जिओ उठो बढ़ो जीतो *(संगीतकार ए. आर. रहमान द्वारा तैयार)* था।

➢ रवांडा *(2009 में राष्ट्रमंडल का सदस्य बना)* पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल हुआ। निलंबन की अवस्था के कारण फिजी 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नहीं हो सका।

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल 71 देशा/क्षेत्रों में सबसे बड़ा 619 खिलाड़ियों व अधिकारियों का दल भारत का था।

➢ मार्च पास्ट में सबसे आगे आस्ट्रेलिया का दल और अंत में मेजबान भारत का दल था।

➢ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा मार्च पास्ट में भारतीय दल के ध्वजवाहक थे। उद्घाटन समारोह में सभी खिलाड़ियों की ओर से शपथ भी उन्होंने ही ली।

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक नाइजीरिया की ऑगस्टिना नकेम नवाओकोला ने भारोत्तोलन में 48 किलोग्राम वर्ग में जीता।

**पदक तालिका में प्रथम दस स्थान पर रहे देश और उनके पदक**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 74 | 55 | 48 | 177 |
| भारत | 38 | 27 | 36 | 101 |
| इंग्लैंड | 37 | 59 | 46 | 142 |
| कनाडा | 26 | 17 | 32 | 75 |
| द० अफ्रीका | 12 | 11 | 10 | 33 |
| केन्या | 12 | 11 | 9 | 32 |
| मलेशिया | 12 | 10 | 13 | 35 |
| सिंगापुर | 11 | 11 | 9 | 31 |
| नाइजीरिया | 11 | 10 | 14 | 35 |
| स्कॉटलैंड | 9 | 10 | 7 | 26 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 22 | 8 | 36 |
| साइप्रस | 4 | 3 | 5 | 12 |

*नोट : 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 2 कांस्य (कुल 5) पदक जीतकर पाकिस्तान 15वें स्थान पर रहा।*

**राष्ट्रमंडल खेलों में डेविड डिक्सन पुरस्कार :**

दिल्ली, राष्ट्रमंडल खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का यह पुरस्कार जमैका की तिहरी कूद की एथलीट ट्रेसिया स्मिथ को राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के वर्तमान प्रमुख माइक फेनेल ने प्रदान किया।

नोट : *17 वर्षों तक राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के मानद सचिव रहे डेविड डिक्सन के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार राष्ट्रमंडल खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत 2002 के मेनचेस्टर खेलों से की गयी। 2002 में पहली बार यह अफ्रीका की विकलांग तैराक नताली डु टॉइट को दिया गया था। भारत के समरेश जंग (2006–मेलबर्न) को भी यह पुरस्कार दिया गया है।*

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वाधिक पाँच पदक जीतने का श्रेय आस्ट्रेलियाई तैराक एलिसिया जेन काउट्स को प्राप्त हुआ। पुरुषों में सर्वाधिक (4) पदक जीतने का श्रेय भारतीय निशानेबाज गगन नारंग को प्राप्त हुआ।

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वैश में एकल मुकाबले में तीनों पदक *(स्वर्ण, रजत व कांस्य)* इंग्लैंड ने जीता।

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया ने हॉकी एवं साइकलिंग में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेलों की अंतिम स्पर्द्धा मैराथन दौड़ *(42.195 किमी)* के दोनों वर्गों *(पुरुष एवं महिला)* में केनियाई धावक जीते। पुरुषों में कीनिया के जॉन एकिरू एवं महिलाओं में कीनिया की ही इरीनी जेरोटिच कोसगेई जीती।

**दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल खेल स्पर्द्धाएँ**

1. तीरंदाजी (28 वर्षों के बाद पुनः शामिल), 2. तैराकी 3. बैडमिंटन, 4. हॉकी 5. कुश्ती, 6. टेनिस, 7. स्क्वैश 8. नेटबॉल, 9. लॉन बॉल 10. रग्बी सेवंस, 11. मुक्केबाजी, 12. साइकलिंग 13. जिमनास्टिक, 14. निशानेबाजी, 15. ट्रैक एण्ड फील्ड 16. भारोत्तोलन 17. टेबल टेनिस

**भारत द्वारा जीते गए सभी 101 पदक**

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| निशानेबाजी | 14 | 11 | 5 | 30 |
| कुश्ती | 10 | 5 | 4 | 19 |
| तीरंदाजी | 3 | 1 | 4 | 8 |
| मुक्केबाजी | 3 | 0 | 4 | 7 |
| भारोत्तोलन | 2 | 2 | 4 | 8 |
| एथलेटिक्स | 2 | 3 | 7 | 12 |
| टेनिस | 1 | 1 | 2 | 4 |
| जिमनास्टिक | 0 | 1 | 1 | 2 |
| टेबल टेनिस | 1 | 1 | 3 | 5 |
| बैडमिंटन | 2 | 1 | 1 | 4 |
| हॉकी | 0 | 1 | 0 | 1 |
| तैराकी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| योग | 38 | 27 | 36 | 101 |

**19वाँ राष्ट्रमंडल खेल : भारत**

➢ 19वें राष्ट्रमंडल खेल में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक अभिनव बिन्द्रा व गगन नारंग की जोड़ी ने निशानेबाजी की 10 मीटर एयर राइफल युगल स्पर्द्धा में जीता।

- पुरुषों की हॉकी में भारत ने रजत पदक जीता जो राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी के लिए मिलने वाला पहला कोई पदक है।
- भारत के 38 स्वर्ण, 27 रजत व 36 कांस्य पदकों में पुरुषों ने 25 स्वर्ण, 15 रजत व 24 कांस्य पदक जीते जबकि 13 स्वर्ण, 11 रजत व 12 कांस्य पदक महिला खिलाड़ियों ने जीते।
- भारत के कुल 101 पदकों में सर्वाधिक 30 पदक *(14 स्वर्ण, 11 रजत व 5 कांस्य)* निशानेबाजों ने जीता।
- व्यक्तिगत रूप से सर्वाधिक 4 स्वर्ण पदक गगन नारंग ने निशानेबाजी में जीता।

नोट: *व्यक्तिगत रूप से सर्वाधिक 5 स्वर्ण पदक जीतने का भारतीय रिकॉर्ड निशानेबाज समरेश जंग के नाम है।*

## 3. एशियाई खेल

- एशियाई खेल का प्रारंभ 4 मार्च 1951 ई० को नई दिल्ली में हुआ।
- एशियाई खेल संघ ने चमकते सूरज को अपना प्रतीक चिह्न घोषित किया।

### 16वें एशियाई खेल : कुछ विशेष तथ्य

- 12 नवम्बर, 2010 को ग्वांगझू में 16वें एशियाई खेलों का औपचारिक उद्घाटन चीन के प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ ने किया। उदघाटन समारोह किसी स्टेडियम की बजाय पर्ल नदी में स्थित हाइशिन्सा *(Haixinsha)* द्वीप में आयोजित किया गया।
- उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों की ओर से शपथ चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी फू हाइफेंग ने तथा रेफरियों की ओर से शपथ जिमनास्ट यान निनान ने ली।
- 16वें एशियाई खेलों का शुभंकर ली यांगयांग था।
- 16वें एशियाई खेलों का नारा थ्रिलिंग गेम्स, हार्मोनियस एशिया व आधिकारिक थीम गीत रियूनियन था।
- 16वें एशियाई खेलों में टेबुल टेनिस के सभी सात पदक चीन ने जीता।
- महिलाओं की कबड्डी एवं क्रिकेट *(20-20 प्रारूप)* को 16वें एशियाई खेल में पहली बार शामिल किया गया।

**एशियाई खेलों में शामिल राष्ट्र व खेल**

| खेल क्र. | वर्ष | आयोजन स्थल | देश | खेलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1951 | नई दिल्ली | 11 | 6 |
| 2. | 1954 | मनीला | 18 | 8 |
| 3. | 1958 | टोकियो | 20 | 13 |
| 4. | 1962 | जकार्ता | 16 | 13 |
| 5. | 1966 | बैंकाक | 18 | 14 |
| 6. | 1970 | बैंकाक | 18 | 13 |
| 7. | 1974 | तेहरान | 25 | 16 |
| 8. | 1978 | बैंकाक | 25 | 19 |
| 9. | 1982 | नई दिल्ली | 33 | 21 |
| 10. | 1986 | सिओल | 27 | 25 |
| 11. | 1990 | बीजिंग | 37 | 27 |
| 12. | 1994 | हिरोशिमा | 42 | 34 |
| 13. | 1998 | बैंकाक | 41 | 38 |
| 14. | 2002 | बुसान | 44 | 38 |
| 15. | 2006 | दोहा | 45 | 39 |
| 16. | 2010 | गुआंगझू | 45 | 42 |
| 17. | 2014 | इंचियोन *(द० कोरिया)* प्रस्तावित | | |

### 16वें एशियाई खेल : भारत

- 16वें एशियाई खेल उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के मार्च पास्ट में भारतीय दल के ध्वज-वाहक निशानेबाज गगन नारंग थे। समापन समारोह में मार्च पास्ट में भारतीय दल के ध्वज वाहक मुक्केबाज विजेंदर सिंह थे।
- भारत के लिए पहला पदक *(रजत)* गगन नारंग, अभिनव बिन्द्रा व संजीव राजपूत ने निशानेबाजी टीम स्पर्द्धा में जीता।
- 16वें एशियाई खेल में भारत के लिए प्रथम स्वर्ण पदक पंकज आडवाणी ने बिलियर्ड्स में जीता।

**पदक तालिका प्रथम दस देश**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 199 | 119 | 98 | 416 |
| 2. द० कोरिया | 76 | 65 | 91 | 232 |
| 3. जापान | 48 | 74 | 94 | 216 |
| 4. ईरान | 20 | 14 | 25 | 59 |
| 5. कजाखस्तान | 18 | 23 | 38 | 79 |
| 6. भारत | 14 | 17 | 33 | 64 |
| 7. ताइपे | 13 | 16 | 38 | 67 |
| 8. उज्बेकिस्तान | 11 | 22 | 23 | 56 |
| 9. थाइलैंड | 11 | 9 | 32 | 52 |
| 10. मलेशिया | 09 | 18 | 14 | 41 |

- पुरुषों की कबड्डी में ईरान को हराकर भारत ने लगातार छठी बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पहली बार शामिल महिला कबड्डी का स्वर्ण पदक भी भारत ने जीता।
- सोमदेव वर्मन एशियाई खेलों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। सोमदेव वर्मन ने टेनिस के वैयक्तिक स्पर्द्धा में एकल स्वर्ण के साथ-साथ सनम सिंह के साथ जोड़ी बनाकर युगल स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक भी जीता।
- पुरुषों की हॉकी में भारत ने कांस्य पदक जीता।
- भारत ने एशियाड में क्रिकेट *(20-20)* में भाग नहीं लिया।

### एशियाई खेलों में भारत को प्राप्त पदकों की संख्या

| वर्ष | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल | रैंक | वर्ष | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1951 | 15 | 16 | 20 | 51 | 2 | 1954 | 4 | 4 | 5 | 13 | 5 |
| 1958 | 5 | 3 | 3 | 11 | 6 | 1962 | 12 | 13 | 27 | 52 | 3 |
| 1966 | 7 | 4 | 11 | 22 | 5 | 1970 | 6 | 9 | 10 | 25 | 5 |
| 1974 | 4 | 12 | 12 | 28 | 7 | 1978 | 11 | 11 | 6 | 28 | 6 |
| 1982 | 13 | 19 | 25 | 57 | 5 | 1986 | 5 | 9 | 23 | 37 | 5 |
| 1990 | 1 | 8 | 14 | 23 | 11 | 1994 | 4 | 3 | 15 | 22 | 8 |
| 1998 | 7 | 11 | 17 | 35 | 9 | 2002 | 10 | 12 | 13 | 35 | 8 |
| 2006 | 10 | 17 | 26 | 53 | 8 | 2010 | 14 | 17 | 33 | 64 | 6 |

### 16वें एशियाई खेलों के कुछ प्रमुख व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं एवं टीम स्पर्द्धाओं के विजेता

| स्पर्द्धा | पुरुष वर्ग | महिला वर्ग |
|---|---|---|
| 100 मी० | लाओथी *(चीन)* | चिसातो फुकुशिमा *(जापान)* |
| 200 मी० | फेमी ओगुनोड *(कतर)* | चिसातो फुकुशिमा *(जापान)* |
| हॉकी | पाकिस्तान *(रजत–मलेशिया)* | चीन *(रजत–दक्षिण कोरिया)* |
| फुटबॉल | जापान *(रजत–सं. अरब अमिरात)* | जापान *(रजत–दक्षिण कोरिया)* |
| वॉलीबॉल | जापान *(रजत–ईरान)* | चीन *(रजत–दक्षिण कोरिया)* |
| कबड्डी | भारत *(रजत–ईरान)* | भारत *(रजत–थाइलैंड)* |
| क्रिकेट *(20-20)* | बांग्लादेश *(रजत–अफगानिस्तान)* | पाकिस्तान *(रजत–बांग्लादेश)* |
| बास्केटबॉल | चीन *(रजत–दक्षिण कोरिया)* | चीन *(रजत–दक्षिण कोरिया)* |

## 4. कुछ प्रमुख खेल एवं उससे संबंधित जानकारी

### क्रिकेट

- क्रिकेट खेल का जन्मदाता इंग्लैंड को माना जाता है। दुनिया का पहला क्रिकेट क्लब हैम्बल्डन में 1760 के दशक में बना और मेरिलिबॉन क्रिकेट क्लब *(MCC)* 1787 में।
- क्रिकेट का पहला टेस्ट मैच 1877 ई० में आस्ट्रेलिया एवं इंग्लैंड के बीच मेलबार्न में आयोजित किया गया। क्रिकेट का पहला एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच इंग्लैंड एवं आस्ट्रेलिया के बीच 1971 ई० में मेलबार्न में आयोजित किया गया था।
- क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था आई० सी० सी० है; जिसका मुख्यालय 1 अगस्त, 2005 से दुबई में है, पहले यह लॉर्ड्स में था।

#### विश्वकप क्रिकेट

| वर्ष | आयोजक देश | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|---|
| 1975 | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | आस्ट्रेलिया |
| 1979 | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड |
| 1983 | इंग्लैंड | भारत | वेस्टइंडीज |
| 1987 | भारत एवं पाकिस्तान | आस्ट्रेलिया | इंग्लैंड |
| 1991 | आस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड | पाकिस्तान | इंग्लैंड |
| 1996 | भारत, श्रीलंका एवं पाकिस्तान | श्रीलंका | आस्ट्रेलिया |
| 1999 | इंग्लैंड | आस्ट्रेलिया | पाकिस्तान |
| 2003 | द० अफ्रीका | आस्ट्रेलिया | भारत |
| 2007 | वेस्टइंडीज | आस्ट्रेलिया | श्रीलंका |

परिमाप :

**पिच की लम्बाई** : 22 गज *(20.11 मी०)*, **गेंद का भार** : 155 से 168 ग्राम, **बल्ले की लम्बाई** : 96.6 सेमी०, **बल्ले की चौड़ाई** : 22.9 सेमी०, **स्टंप की लम्बाई** : लगभग 72 सेमी०

### 20-20 विश्वकप क्रिकेट

| वर्ष | आयोजक देश | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|---|
| 2007 | द० अफ्रीका | भारत | पाकिस्तान |
| 2009 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | श्रीलंका |
| 2010 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | आस्ट्रेलिया |

- **क्रिकेट शब्दावली** : चाईनामैन, बैट्समैन, बॉलर, विकेट कीपर, फील्डर, एल० बी० डब्ल्यु, कैच, हिट विकेट, थ्रो, मेडन, चौका, छक्का, वाइड, स्विंग, स्ट्रोक, कवर, मिड ऑन, मिड विकेट, ऑवर द विकेट, राइण्ड द विकेट, लेग स्पिनर, ऑफ स्पिनर, ओवर थ्रो, ओवर, स्लिप, गली, कवर प्वाइन्ट, सिली प्वाइन्ट, लॉग ऑफ, लॉग ऑन, थर्ड मैन, शार्ट पिच, हुक, डेड बॉल, रन आऊट, पॉपिंग क्रीज आदि।
- 2011 का विश्व कप क्रिकेट भारत, श्रीलंका एवं बांग्लादेश में प्रस्तावित हैं। इसका शुभंकर स्टम्पी *(हाथी)* है।
- विश्व कप क्रिकेट 2011 का फाइनल मैच मुम्बई में खेला जाएगा।
- विश्वकप 2015 का आयोजन आस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड में तथा विश्व कप 2019 का आयोजन इंग्लैड में किया जायेगा।

## हॉकी

- हॉकी का पहला संगठित क्लब 1861 ई० स्थापित 'ब्लैकहीथ एबी एण्ड क्लब' *(इंग्लैंड)* है। हॉकी की सर्वोच्च संस्था 'फेडरेशन इंटरनेशल दि हॉकी' *(एफ० आई० एच०)* है जिसकी स्थापना 1884 ई० में की गयी थी। हॉकी का पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच 26 जून, 1895 को राइल में वेल्स एवं आयरलैंड के बीच खेला गया। ओलम्पिक में सर्वाधिक आठ बार हॉकी का खिताब भारत ने जीता है। हॉकी का पहला विश्वकप 1971 ई० में बार्सिलोना में आयोजित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी मैच की अवधि 70 मिनट की होती है।

परिमाप :

- **मैदान की लम्बाई** : 91.44 मी०, **मैदान की चौड़ाई** : 50 से 55 मी०, **गेंद का वजन** : 155 से 163 ग्राम
- **खेल शब्दावली** : स्टिक, पेनाल्टी स्ट्रोक, स्कूप, साइड लाइन, रैफरी, ट्राई ब्रेकर, पेनाल्टी, अंडर कटिंग, बुली, सेंटर फारवर्ड, राउऑन, पुश इन, शूटिंग, हाफ वाली, फुल बैक आदि।

### विश्वकप : हॉकी

| वर्ष | स्थान | विजेता | उपविजेता | भारत की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1971 | बार्सिलोना | पाकिस्तान | स्पेन | तीसरा |
| 1972 | एमस्टर्डम | हॉलैण्ड | भारत | दूसरा |
| 1975 | कुआलालम्पुर | भारत | पाकिस्तान | प्रथम |
| 1978 | ब्यूनस आयर्स | पाकिस्तान | हॉलैंड | छठा |
| 1982 | मुम्बई | पाकिस्तान | प० जर्मनी | पाँचवाँ |
| 1986 | लंदन | आस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | बारहवाँ |
| 1990 | लाहौर | हॉलैंड | पाकिस्तान | दसवाँ |
| 1994 | सिडनी | पाकिस्तान | हॉलैंड | पाँचवाँ |
| 1998 | यूटरेक्ट | हॉलैंड | स्पेन | नौवाँ |
| 2002 | कुआलालम्पुर | जर्मनी | आस्ट्रेलिया | दसवाँ |
| 2006 | जर्मनी | जर्मनी | आस्ट्रेलिया | ग्यारहवाँ |
| 2010 | नई दिल्ली | आस्ट्रेलिया | जर्मनी | आठवाँ |

**नोट :** *सिलारू (हिमाचल प्रदेश) में भारत का सबसे ऊँचा हॉकी का स्ट्रोटर्फ मैदान (रबड़ मैदान) बनाया गया है।*

## वॉलीबॉल

- बॉलीबाल का जन्म संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ। इस खेल को एक अमेरिकी विलियम जी मॉरगन ने 1895 ई० में शुरू किया। इंटरनेशल बॉलीबॉल फेडरेशन का गठन 1948 ई० हुआ। बॉलीबॉल का प्रथम विश्व कप 1949 ई० में आयोजित हुआ था। 1964 ई० में बॉलीबॉल ओलम्पिक में शामिल किया गया।

परिमाप :

- **कोर्ट की लम्बाई** : 18 मी०, **कोर्ट की चौड़ाई** : 9 मी०, **गेंद की वजन** : 250 से 270 ग्राम।
- **खेल शब्दावली** : ब्लाकिंग, रोटेशन, नेट फाल्ट, वालीपास, फोर आर्म पास, सर्विस, हुक, सर्व, सैट अप, रैफ्री, स्पाइक *(स्मैश)*, एरियल, स्विच, डिगपास, बूस्टर, लव, फ्लोटर आदि।

## फुटबॉल

➢ फुटबॉल का जन्म इंग्लैंड में हुआ। 1857 ई० में इंग्लैंड में विश्व का पहला फुटबॉल क्लब 'शेफील्ड फुटबॉल क्लब' का गठन हुआ। भारत में फुटबॉल अंग्रेजों के द्वारा लाया गया और भारत का पहला फुटबॉल क्लब 'डलहौजी क्लब' था। विश्व की सबसे बड़ी फुटबॉल संस्था 'इंटरनेशनल फुटबॉल एशोसिएशन' *(फीफा)* है जिसका मुख्यालय पेरिस *(फ्रांस)* में है। फीफा द्वारा आयोजित विश्वकप फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है; पहला विश्वकप 1930 ई० में उरुग्वे में आयोजित किया गया था। इसे प्रति चार वर्ष बाद आयोजित किया जाता है।

**परिमाप :**

➢ **मैदान की लम्बाई :** 91 से 120 मी०, **मैदान की चौड़ाई :** 45 से 91 मी०, **गेंद का वजन :** 396 से 453 ग्राम

➢ **खेल शब्दावली :** फुल बैंक, हाफ बैक, स्ट्राइकर, सेन्टर, पेनल्टी किक, फ्री किक, रैफ्री, टाई ब्रेकर, हैट ट्रिक, हैंडवॉल, स्वीपर, बैक, थ्रो इन, हैंडबॉल फाऊल्ट आदि।

**नोट :** *1942 एवं 1946 में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण फुटबॉल का विश्व कप नहीं हुआ।*

### विश्वकप : फुटबॉल

| वर्ष | देश | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|---|
| 1930 | उरुग्वे | उरुग्वे | अर्जेण्टाइना |
| 1934 | इटली | इटली | चेकोस्लोवाकिया |
| 1938 | फ्रांस | इटली | चेकोस्लोवाकिया |
| 1950 | ब्राजील | उरुग्वे | ब्राजील |
| 1954 | स्विट्जरलैंड | प० जर्मनी | हंगरी |
| 1958 | स्वीडन | ब्राजील | स्वीडन |
| 1962 | चिली | ब्राजील | चेकोस्लोवाकिया |
| 1966 | इंग्लैंड | इंग्लैंड | प० जर्मनी |
| 1970 | मैक्सिको | ब्राजील | इटली |
| 1974 | प० जर्मनी | प० जर्मनी | हॉलैण्ड |
| 1978 | अर्जेण्टाइना | अर्जेण्टाइना | हॉलैण्ड |
| 1982 | स्पेन | इटली | प० जर्मनी |
| 1986 | मैक्सिको | अर्जेण्टाइना | प० जर्मनी |
| 1990 | इटली | प० जर्मनी | अर्जेण्टाइना |
| 1994 | यू०एस०ए० | ब्राजील | इटली |
| 1998 | फ्रांस | फ्रांस | ब्राजील |
| 2002 | जापान और द० कोरिया | ब्राजील | जर्मनी |
| 2006 | जर्मनी | इटली | फ्रांस |
| 2010 | द० अफ्रीका | स्पेन | हॉलैंड |
| 2014 | ब्राजील | — प्रस्तावित — | |
| 2018 | रूस | — प्रस्तावित — | |
| 2022 | कतर | — प्रस्तावित — | |

## टेबल टेनिस

➢ इस खेल का जन्मदाता इंग्लैंड है। 'इंटरनेशनल टेवल टेनिस एसोसिएशन' की स्थापना 1926 ई० में की गयी थी। टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप का मैच पहली बार 1927 ई० में हुआ। टेबल टेनिस का विश्व चैम्पियनशिप दो वर्ष के अन्तराल पर आयोजित की जाती है।

**परिमाप :**

➢ **टेवल की लम्बाई :** 2.74 मी० (9 फीट), **टेवल की चौड़ाई :** 1.52 मी० *(5 फीट)*, **टेबल की ऊँचाई :** 76 सेमी०, **गेंद का वजन :** 2.4 से 2.53 ग्राम, **गेंद का रंग :** सफेद अथवा पीला।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** सर्विस, पेनहोल्डर ग्रिप, बैक स्पिन, सेंटर लाइन, हाफ कोर्ट, साइड स्पिन, स्विगं, पुश स्ट्रोक, रैली, लेट, रिवर्स, टाप स्पिन, फायल, चायनिज ग्रिप आदि।

## बास्केटबॉल

➢ इस खेल का आविष्कार जेम्स नेस्मिथ ने सन् 1891 में अमेरिका में किया। इसके अन्तर्राष्ट्रीय संघ की स्थापना सन् 1932 में फेडरेशन इंटरनेशनल डे बास्केटबॉल एशोसिएशन *(FIBA)* के नाम से हुई। भारत में प्रथम बास्केटबॉल खेल सन् 1930 में खेला गया। इसका पहला विश्व चैम्पियन मैच 1950 ई० में आयोजित हुआ।

**परिमाप :**

➢ **कोर्ट की लम्बाई :** 28 मी०, **कोर्ट की चौड़ाई :** 15 मी०, **बास्केट की ऊँचाई :** जमीन से 3.05 मी०, **बास्केट बॉल का वजन :** 600 से 650 ग्राम।

➢ **खेल-शब्दावली :** रिंग गार्ड, प्वाइंट, डेड बॉल, बास्केट हैगिंग, लीड पास, गोल, सेन्टर लाइन, फ्री थ्रो लाइन, बैक वोर्ड, फ्रंट कोर्ट, टिप आफ, पिक, पिनोट, की होल आदि।

## बैडमिंटन

➢ आधुनिक बैडमिंटन का विकास संभवतः इंग्लैंड में हुआ था। इसका सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल बैंडमिंटन फेडरेशन की स्थापना 1934 में की गयी थी। विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप की शुरुआत 1977 ई० में हुई थी।

**परिमाप :**

➢ **कोर्ट की लम्बाई :** 44 फीट, **कोर्ट की चौड़ाई :** 20 फीट, **नेट की ऊँचाई :** 5 फीट, **कॉक का वजन :** 4.74 से 5.51 ग्राम, **रैकेट का वजन :** 85 से 140 ग्राम के बीच

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** कोर्ट, लॉग सर्विस, नेट फाल्ट, डबल फाल्ट, सर्विस ब्रेक, मैच प्वाइन्ट, सेट प्वाइन्ट, हाई सर्विस, क्रासशाट, सर्विस चेंज, ड्यूस, एंडवांस, ड्राप, ड्राइव, लॉब, स्मैश, लव, लेट, लव ऑल आदि।

## लॉन टेनिस

➢ आधुनिक संदर्भ में इस खेल का विकास इंग्लैंड में हुआ। टेनिस की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन *(I.T.F)* की स्थापना 1913 ई० में पेरिस में की गई।

**परिमाप :**

➢ **मैदान की लम्बाई :** 78 फीट *(एकल)*, **मैदान की चौड़ाई :** 27 फीट *(एकल)*, 36 फीट *(युगल)*, **नेट की ऊँचाई :** 3 फीट, **गेंद का वजन :** 56.7 से 58.5 ग्राम, **रैकेट की अधिकतम लम्बाई :** 32 इंच, गेंद का रंग सफेद अथवा पीला।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** बैक हैंड ड्राइव, वाली, हाफ वाली, लेट, फाल्ट, स्मैश, ड्यूस, सर्विस, ग्रैंड स्लैम, ट्राईब्रेकर, लव, चेंज, सेट, इन, आउट।

## पोलो

➢ आमतौर से यह माना जाता है कि पोलो का जन्म फारस में हुआ था। फारस में 525 ई० पू० में 'पुलु' के नाम से यह खेल खेला जाता था। कुछ लोगों का मानना है कि पोलो का जन्म भारत के मणिपुर में हुआ। आधुनिक काल में सबसे पहले पोलो का गठन 1859 में असम के कछार में हुआ। भारत से यह खेल 10वीं हुसार रेजीमेंट द्वारा 1869 ई० में इंग्लैंड ले जाया गया।

**परिमाप :**

➢ **खेल के मैदान की लम्बाई :** 300 गज, **खेल के मैदान की चौड़ाई :** 150 गज, **गोलों के बीच का फासला :** 250 गज, **गोल पोस्ट के बीच की चौड़ाई :** 8 गज

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** बंकर, चकर, मैलेट, बंडर, चुक्का, एरिस-रेल, एंगल शाट आदि।

## एथलेटिक्स

➢ पहला ओलंपिक जो ई.पू. 8 वीं सदी में हुआ था उसमे यह एक मात्र खेल था।

➢ ई.पू. 8वीं शताब्दी में होमर द्वारा लिखित इलियड में पैदल दौड़ का वर्णन मिलता है।

➢ एथलेटिक्स इंग्लैंड में ईसा बाद 12वीं सदी में प्रारंभ हुई।

➢ अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एमच्योर फेडरेशन *(IAAF)* की स्थापना 16 देशों ने मिलकर 1912 ई० में बनाया था। यह संघ प्रति चार वर्ष पर विश्व चैम्पियनशिप कराती है।

➢ **डेकाथलोन :** यह पुरुषों की प्रतियोगिता है, जिसमें दस खेल 100 मी० 400 मी.,1500 मी. की दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, शॉट पूट, 110 मी. बाधा दौड़, डिस्क थ्रो, पोल वोल्ट, जेवलिन थ्रो सम्पलित है जो दो दिनों तक चलता है।

➢ **हेप्टाथलोन :** यह महिलाओं की प्रतियोगिता है, जिसमें सात खेल, 100 मी. की बाधा दौड़, ऊँची कूद, शॉट पुट, 200 मी. दौड़, लम्बी कूद, 800 मी० दौड़, एवं जेवलिन थ्रो सम्मिलित है।

➢ **पेंटाथलोन :** पाँच खेलों की एक दिवसीय प्रतियोगिता है जिसमें ऊँची कूद, जैवलिन थ्रो, 200 मी. दौड़, डिस्कस थ्रो, 1500 मी. दौड़ इसी क्रम में आयोजित किए जाते है।

➢ **स्टीपलचेस :** यह दौड़ सामान्यतः 3000 मी० दूरी की होती है जिसमें बाधाएं हर्डलस एवं पानी के रूप में होती है। इसे पैदल चाल के नाम से भी जाना जाता है।

➢ **शॉट पुट :** इस खेल में एथलीट धातु की गेंद को हवा में फेंकते है।
➢ **पोल वाल्ट :** इस खेल में एथलीट पतले डंडे के सहारे छलांग लगता है तथा जमीन पर रखे एक गद्दे पर गिरता है।
➢ **डिस्कस थ्रो :** इसमें तश्तरी के आकार का डिस्कस होता है जिसे एथलीट एक हाथ से डेढ़ चक्कर घूमने के बाद फेंकता है।

## कुश्ती

➢ ई.पू. 708 में यूनानियों ने अपने ओलंपिक में कुश्ती को शामिल कर लिया था।
➢ कुल मिलाकर कुश्ती के 50 प्रकार हैं। ओलंपिक में ग्रीको रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती आर्मेचर होती है।
➢ इस खेल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डी ला लुटे *(FILA)* है।

**परिमाप :**

➢ अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 9 मी० व्यास का एक गोलाकार प्रतियोगिता क्षेत्र तथा एक मी० व्यास का एक केन्द्रीय वृत्त। गद्दे पर आयोजित मुकाबले में 1 : 1 मी० व्यास का ऊँचा गद्दा।
➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** हीव, हाफ नेल्सन, क्रैडल, डबल नेल्सन, टाइमकीपर, डागफल, मैट, ब्रिज, काशन, एक्टिव, अटैक, रीबाउट, होल्ड, हेड लॉक आदि।

## शतरंज

➢ सामान्यतः ऐसा माना जाता है कि भारत में यह खेल ईसा बाद 7वीं सदी में शुरू हुआ।
➢ द फेडरेशन इंटरनेशनल डे एचेस *(FIDE)* इस खेल को नियंत्रित करती है तथा हर दो साल में एक बार विश्व चैम्पयनशिप तय करने के लिए प्रतियोगिता कराती है।
➢ **खेल के सामान :** इसके बोर्ड को चेकर बोर्ड कहते हैं जिसमें 64 वर्ग बने होते हैं जिनमे 8 उर्ध्वाधर तथा 8 क्षैतिज पंक्तियां बनी होती हैं। इसके वर्ग दो विपरीत रंगों से रंगे होते हैं। हर खिलाड़ी के पास अलग-अलग रंग के 16 चेसमेन होते हैं।
➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** बिशप, गैम्बिट, चेकमेट्, स्टेलमेट, पॉन, ग्रैंडमास्टर, फिडे, नाइट, एलो रेटिंग, रैंक, कैशल, पीसेज, चेक आदि।

## गोल्फ

➢ आधुनिक गोल्फ का खेल सर्वप्रथम स्कॉटलैंड में शुरू हुआ।
➢ आधुनिक गोल्फ में पुरुषों के ग्रैंड स्लैम में चार टूर्नामेंट होते हैं। मास्टर ओपन, यूनाइटेड स्टेट्स ओपन, ब्रिटिश ओपन और प्रोफेशनल गोल्फर्स एसोसिएशन ऑफ अमेरिका *(पी. जी. ए)* चैम्पयनशिप
➢ **टी :** वह समतल भूमि जहाँ से पहला शॉट लगाया जाता है।

**परिमाप :**

➢ गोल्फ कोर्स 125 से 175 एकड़ तक होता है। बॉल का वजन 45.9 ग्राम और परिधि 4.27 सेमी० होता है। छिद्र का व्यास–4 इंच।
➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** बोगी, फोरसम, स्टाइमी टी, पुट हॉल, नियालिक, कैडी, लिम्स, आयरन, पुटिंग, दि ग्रीन, बंकर, कोर्स, लाई, पोस्ट आदि।

## वाटर पोलो

➢ यह खेल सन 1860 ई० में इंग्लैंड में शुरू हुआ।
➢ इस खेल को शुरू करने का श्रेय मुख्यतः ग्लासगो के विलियम विल्सन को जाता है।
➢ पहली आधिकारिक प्रतियोगिता सन् 1874 में लंदन में हुई जबकि पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच 1890 ई० में इंग्लैंड तथा स्कॉटलैंड के बीच हुआ था।
➢ अन्तर्राष्ट्रीय वाटर पोलो बोर्ड का गठन 1950 ई० में खेल के नियम बनाने के लिए हुआ।

**परिमाप :**

➢ इनके लिए 20 से 30 मी० लम्बा एवं 8 से 20 मी० चौड़ा पानी का क्षेत्र चाहिए। गेंद का वजन 400 से 450 ग्राम तक होना चाहिए। गोल पोस्ट सामान्यतः 3 मी० चौड़ा तथा पानी की सतह से 0.9 मी० ऊँचा होना चाहिए।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** 2 मी० लाइन, 4 मी० लाइन, गोल लाइन, कैपस, पर्सनल, फाल्ट, बाल अंडर इसरलेसिंग आदि ।

## बेसबॉल

➢ यह खेल 19वीं सदी के मध्य में अमेरिका में विकसित हुआ।

➢ ऐसा माना जाता है कि इसकी खोज अबनेर डबलडे ने सन 1839 ई० में की। इस खेल के नियमों को एलेक्जेंडर कार्टराइट ने लिखा ।

➢ वह खिलाड़ी जो बॉल को बैटर के लिए फेकता है पिचर कहलाता है।

**परिमाप :**

➢ बैट गोलीय होता है जिसकी लम्बाई 42 इंच तथा व्यास 2.75 इंच *(मोटे भाग की ओर)* होता है। प्रत्येक बेस की दूरी–90 फीट, बेस की दूरी कर्ण सहित–127 फीट ।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** होम, डायमंड, पिचर, होम रन, बेसमैन, आऊट, स्ट्राईक एण्ट रबर।

## बिलियर्डस

➢ वर्ल्ड प्रोफेशनल बिलियड्र्स तथा स्नूकर एशोसिएशन इस खेल को नियंत्रित करती है।

**परिमाप :**

➢ इस खेल का टेबुल सामान्यतः 3.7 मी० लम्बा तथा 1.85 मी० चौड़ा होता है तथा 3 फीट ऊँचा होता है। इसकी गेंद हाथी के दाँत की या टिकाऊ प्लास्टिक की बनी होती है जिसका वजन 150 से 210 ग्राम होता है। क्यू मजबूत लकड़ी का बना होता है जिसकी लम्बाई 90 से 145 सेमी० के बीच होता है।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** क्यू, जिगर, ब्रेक पॉट, इनलक, इनआफ, कैनसा, बोल्टिंग, हैजर्ड।

## राइफल शूटिंग

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** टारगेट, बुल्सआई, मजलफलग, स्कीट शूटिंग, ट्रेंच शूटिंग आदि ।

## खो-खो

**परिमाप :**

➢ खो-खो का मैदान 27 मी० लम्बा और 15 मी० चौड़ी होती है। जबकि इस मैदान की कुल लं० 29 मी० एवं चौ० 16 मी० होती है।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** चेंज, एक्टिव, चेजर, रनर्स फ्रीजो पोन, कॉसलेन आदि ।

## तैराकी

➢ द फेंडरेशन इंटरनेशनल डी नेशन एमच्योर *(FINA)* तैराकी एवं अन्य सभी गैर पेशेवर जल क्रीड़ाओं को संचालित करती है।

**परिमाप :**

लम्बी-दूरी की तैराकी के लिए 50 मी० लम्बा जलाशय जिसमें 6, 8 या 10 लेन होनी चाहिए। छोटी-दूरी की तैराकी के लिए 25 मी० लम्बा 25 मी० लम्बा जलाशय जिसमें 4, 5 या 8 लेन होनी चाहिए। जलाशय में पानी की गहराई 9 मी० होनी चाहिए। इसका तापमान के 26°C आस-पास होना चाहिए।

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** फ्रंट क्रॉल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, स्प्रिंगबोर्ड, ट्विस्ट, बटर फ्लाई, जेन, स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक आदि ।

## मुक्केबाजी

**परिमाप :**

➢ **रिंग की लम्बाई-चौड़ाई :** कम-से-कम $4.9 \times 4.9 m^2$ तथा अधिक से अधिक $6.10 \times 6.10 m^2$

➢ **प्रमुख खेल-शब्दावली :** पंच, अपरकट, राऊण्ड, जैब, हुक, नॉक डाऊन, नॉक आऊट, हिंटिंग विल्लो, रिंग, ब्रेक, बेल, बेल्ट, ब्लो, बाउंस आदि ।

## मैराथन दौड़

मैराथन दौड़ की दूरी : 26 मील 385 गज या 42.195 किमी०

## 5. विभिन्न खेल तथा उनसे सम्बद्ध प्रमुख कप एवं ट्रॉफियाँ

| खेल | सम्बद्ध कप एवं ट्रॉफियाँ |
|---|---|
| हॉकी | बेटन कप, रंगास्वामी कप, आगा खाँ कप, बेगम रसूल ट्रॉफी *(महिला)*, महाराजा रणजीत सिंह गोल्ड कप, लेडी रतन टाटा ट्रॉफी *(महिला)*, गुरुनानक चैम्पियनशिप *(महिला)*, ध्यानचन्द ट्रॉफी, नेहरू ट्रॉफी, सिंधिया गोल्ड कप, मुरुगप्पा गोल्ड कप, वेलिंग्टन कप, इन्द्रिरा गाँधी गोल्ड कप आदि। |
| फुटबॉल | डी० सी० एम० ट्रॉफी, डूरंड कप, रोवर्स कप, बी० सी० रॉय ट्रॉफी *(राष्ट्रीय चैम्पियनशिप)*, सन्तोष ट्रॉफी *(राष्ट्रीय चैम्पियनशिप)*, आई० एफ० ए० शील्ड, सुब्रतो मुखर्जी कप, सर आशुतोष मुखर्जी ट्रॉफी, मर्डेका कप आदि। |
| क्रिकेट | रणजी ट्रॉफी *(राष्ट्रीय चैम्पियनशिप)*, ईरानी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी सी० के० नायडू ट्रॉफी, रानी झाँसी ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी, जी० डी० बिड़ला ट्रॉफी रोहिन्टन बारिया ट्रॉफी आदि। |
| टेबल टेनिस | बर्नाबिलेक कप *(पुरुष)*, जय लक्ष्मी कप *(महिला)*, राजकुमारी चेलैन्ज कप *(जूनियर महिला)*, रामानुज ट्रॉफी *(जूनियर पुरुष)* आदि। |
| बैडमिंटन | नारंग कप, चड्ढा कप, अमृत दीवान कप आदि। |
| बास्केटबॉल | बंगलौर ब्ल्यूज चेलैन्ज कप, नेहरू कप, फेडरेशन कप आदि। |
| ब्रिज | रामनिवास रूइया चेलैन्ज गोल्ड ट्रॉफी, होल्कर ट्रॉफी आदि। |
| पोलो | ऐजार कप, पृथ्वीपाल सिंह कप, राधा मोहन कप, क्लासिक कप। |
| गोल्फ | बाकर कप, सर्किट कप, राइडर कप, डनहिल कप। |

नोट : *टेबल टेनिस का कॉरबिलॉन कप महिलाओं का और स्वेथलिंग कप पुरुषों का विश्व कप है।*

## 6. प्रसिद्ध खेल-मैदान तथा उनसे सम्बन्धित खेल

| खेल-मैदान | खेल | स्थान | खेल-मैदान | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| इंदिरा गांधी स्टेडियम* | इन्डोर गेम | दिल्ली | अम्बेडकर स्टेडियम | फुटबॉल | दिल्ली |
| शिवाजी स्टेडियम | हॉकी | दिल्ली | नेशनल स्टेडियम | हॉकी | दिल्ली |
| युवा भारती स्टेडियम** | फुटबाल | कोलकाता | नेशनल स्टेडियम | हॉकी | मुम्बई |
| वानखेड़े स्टेडियम | क्रिकेट | मुम्बई | ब्रेबोर्न स्टेडियम | क्रिकेट | मुम्बई |
| ईडन गार्डन | क्रिकेट | कोलकाता | ग्रीन पार्क स्टेडियम | क्रिकेट | कानपुर |
| कीनन स्टेडियम | क्रिकेट | जमशेदपुर | बाराबती स्टेडियम | क्रिकेट | कटक |
| इप्सम | डर्बी रेस | ब्रिटेन | हेडिंग्ले मानचेस्टर | क्रिकेट | ब्रिटेन |
| लार्ड्स, ओवल, लीड्स | क्रिकेट | ब्रिटेन | ब्लैक हीथ | रग्बी फुटबॉल | लन्दन |
| विम्बलडन | लॉन टेनिस | लन्दन | वेम्बले स्टेडियम | फुटबॉल | लन्दन |
| ब्रुकलैण्ड | फुटबॉल | इंग्लैंड | टिवकहम | रग्बी फुटबॉल | इंग्लैंड |
| पटनी मार्टलेक | नौका दौड़ | इंग्लैंड | ट्रेंट ब्रिज | क्रिकेट | इंग्लैंड |
| एण्ट्री | घुड़दौड़ | इंग्लैंड | व्हाइट सिटी | कुत्तों की दौड़ | इंग्लैंड |
| हरलिंघम | पोलो | इंग्लैंड | याकी स्टेडियम | बॉक्सिंग | न्यूयार्क |
| ब्रूकलिन | बेसबॉल | न्यूयार्क | फोरस्ट हिल | टेनिस | न्यूयार्क |
| सैण्डी लॉज | गोल्फ | स्कॉटलैण्ड | फिरोजशाह कोटला | क्रिकेट | दिल्ली |
| जे. एल. नेहरू स्टेडियम | एथलेटिक्स | दिल्ली | चेपक स्टेडियम | क्रिकेट | चेन्नई |
| पर्थ, ब्रिस्बेन, मेलबोर्न | क्रिकेट | आस्ट्रेलिया | | | |

* *यह भारत का सबसे बड़ा इंडोर स्टेडियम है। इसमें 25,000 लोग बैठ सकते हैं।*

** *इसे साल्ट लेक स्टेडियम भी कहते हैं। यह भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम है। इसमें 1,20,000 लोग बैठ सकते हैं।*

## 7. प्रमुख देशों के राष्ट्रीय खेल

| देश | राष्ट्रीय खेल | देश | राष्ट्रीय खेल | देश | राष्ट्रीय खेल |
|---|---|---|---|---|---|
| यू०एस०ए० | बेसबॉल | इंग्लैंड | क्रिकेट | चीन | टेबल टेनिस |
| स्पेन | सॉड-युद्ध | जापान | जूडो | इण्डोनेशिया | बैडमिंटन |
| कनाडा | आइस हॉकी* | ऑस्ट्रेलिया | क्रिकेट | भूटान | तीरंदाजी |
| भारत | हॉकी | पाकिस्तान | हॉकी | ब्राजील | फुटबॉल |
| रूस | फुटबॉल, शतरंज | मलेशिया | बैडमिंटन | फ्रांस | फुटबॉल |
| स्कॉटलैंड | रग्बी फुटबॉल | | | | |

★ वर्तमान में कनाडा का राष्ट्रीय खेल क्रिकेट है।

## 8. विभिन्न खेलों के खेल-परिसर

| परिसर | सम्बन्धित खेल | परिसर | सम्बन्धित खेल |
|---|---|---|---|
| डायमण्ड | बेसबॉल | रिंग | स्केटिंग, मुक्केबाजी |
| कोर्स | गोल्फ | पूल | तैराकी |
| बोर्ड | टेबल टेनिस | एली | बाउलिंग |
| मैट | जूडो-कराटे, ताईक्वाण्डो | एरीना | घुड़सवारी |
| वेलोड्रम | साइकिलिंग | फील्ड | पोलो, फुटबॉल, हॉकी |
| ट्रैक | एथलेटिक्स | पिच | क्रिकेट, रग्बी |
| रेंज | निशानेबाजी, तीरंदाजी | रिंक | कर्लिंग, आइस हॉकी |
| कोर्ट | टेनिस, बैडमिण्टन, नेटबॉल, खो-खो, स्क्वैश, कवड्डी, हैण्डबॉल, वॉलीबॉल | ग्रीन्स | बाउल्स |

## 9. प्रमुख खेलों में एक पक्ष के खिलाड़ियों की संख्या

| खेल | खिलाड़ी की संख्या | खेल | खिलाड़ी की संख्या |
|---|---|---|---|
| बेसबॉल | 9 | हॉकी/फुटबॉल/क्रिकेट | 11 |
| रग्बी फुटबॉल | 15 | नेटबॉल | 7 |
| पोलो | 4 | वॉलीबॉल | 6 |
| वाटर पोलो | 7 | टेनिस एवं टेबल टेनिस | 1 या 2 |
| खो-खो | 9 | बास्केटबॉल | 5 |
| कबड्डी | 7 | जिमनास्टिक | 8 |

## 10. खेलों से संबंधित पुरस्कार

**राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार :** इसे 1991-92 में आरम्भ किया गया। इसके तहत् नकद पुरस्कार 7.5 लाख रुपये दिया जाता है। यह किसी वर्ष में किसी उत्कृष्ट खिलाड़ी को खेलों में उसकी उपलब्धि पर सम्मान करने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार सर्वप्रथम विश्वनाथन आनन्द को प्रदान किया गया।

**मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी :** यह ट्राफी 1956-57 में शुरु की गयी। यह चल वैजती (रॉलिंग ट्रॉफी) है और यह अन्तर विश्वविद्यालय टूर्नामेंटस में सवश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को प्रदान की जाती है। इसे फिर से हासिल करने वाले विश्वविद्यालय को ट्रॉफी की प्रतिकृति भी दी जाती है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय को 5 लाख रुपये तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 3 लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिये जाते हैं।

**क्रीडाओं और खेलों में जीवन भर की उपलब्धियों के लिए ध्यानचंद पुरस्कार :** इसे वर्ष 2002 में गठित किया गया, इसमें नकद पुरस्कार 5 लाख रुपये है। पुरस्कार उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किए जाते हैं जिन्होंने अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और सक्रिय खेल जीवन से संन्यास लेने के बावजूद भी खेल की उन्नति के लिए योगदान करते रहते हैं। प्रत्येक वर्ष ज्यादा से ज्यादा तीन खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

**अर्जुन पुरस्कार :** इसे 1961 में आरंभ किया गया और इसमें 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। खिलाड़ी को न केवल उत्कृष्टता के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले तीन वर्षों में और उस वर्ष में जिसमें पुरस्कार की सिफारिश की गई है लगातार अच्छा प्रदर्शन किया होना चाहिए, बल्कि नेतृत्व, खेल-भावना और अनुशासन का भाव दर्शाया होना चाहिए। 2001 से यह पुरस्कार केवल उन विभागों में दिया जाएगा, जो निम्नलिखित श्रेणियों में आते हैं। (i) ओलंपिक खेल/एशियाई खेल/राष्ट्रमंडल खेल/विश्व कप/विश्व चैम्पियन विभाग और (ii) स्वदेशी खेल (iii) शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों के लिए खेल। प्रत्येक वर्ष अधिकतम 15 अर्जुन पुरस्कार दिए जाते हैं।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार :** इसे 1985 में आरंभ किया गया। इसमें उन विख्यात कोचों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने खिलाड़ियों और टीमों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने में समर्थ बनाया है। इसमें 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा प्रदान की जाती है।

## अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में विजेताओं और उनके प्रशिक्षकों को विशेष पुरस्कार

| चैम्पियनशिप/खेल का नाम | प्रथम स्थान स्वर्ण पदक | द्वितीय स्थान रजत पदक | तृतीय स्थान कांस्य पदक |
|---|---|---|---|
| ओलंपिक खेल जीतने पर | 50 लाख रुपये | 30 लाख रुपये | 20 लाख रुपये |
| विश्वकप/एशियाई खेल/राष्ट्रमंडल खेल* | 10 लाख रुपये | 5 लाख रुपये | 3 लाख रुपये |
| एशियाई और राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप | 3 लाख रुपये | 2 लाख रुपये | 1.5 लाख रुपये |

**केन्द्र सरकार ने दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक जीतनेवाले खिलाडियों को क्रमश 20 लाख, 15 लाख एवं 6 लाख रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की।*

उत्कृष्ठ खिलाड़ियों को पेंशन देने के लिए खेल खेल कोष कार्यक्रम : यह कार्यक्रम 1994 में प्रारंभ किया गया। इसके अंतर्गत ओलम्पिक खेल, विश्वकप। विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल एवं पैरालिम्पिकस में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 30 साल की उम्र के बाद सक्रिय खेल जीवन से अवकाश लेने के बाद पेंशन देने का प्रावधान है।

| प्रतियोगिता | मासिक पेंशन |
|---|---|
| 1. ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता | 10,000 रुपये |
| 2. विश्व कप/विश्व चैम्पियनशीप और एशियाई खेल प्रतियोगिता में | |
| (i) स्वर्ण पदक विजेता | 8,000 रुपये |
| (ii) रजत एवं कांस्य पदक विजेता | 7,000 रुपये |
| 3. एशियाई खेलों/राष्ट्रमंडल खेलों में | |
| (i) स्वर्ण पदक विजेता | 7,000 रुपये |
| (ii) रजत एवं कांस्य पदक विजेता | 6,000 रुपये |
| 4. पैरालिंपिक खेलों में | |
| (i) स्वर्ण पदक विजेता | 5,000 रुपये |
| (ii) रजत पदक विजेता | 4,000 रुपये |
| (iii) कांस्य पदक विजेता | 3,000 रुपये |

□